BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 02 जून 2024 **थाना बीबीनगर**

24 घंटे के अन्दर रामपाल की हत्या का खुलासा, घटना में संलिप्त 01 हत्यारोपी गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 01.06.2024 को थाना बीबीनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढकौली निवासी रामपाल पुत्र गुलजारी का शव टयूबवैल के कुए में मिला था। घटना के सम्बन्ध में मृतक के पुत्र पवन की तहरीर के आधार पर थाना बीबीनगर पर मुअसं 98/24 धारा 302,201 भादवि पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम में स्वाट टीम व थाना बीबीनगर पुलिस द्वारा जांच/छानबीन व सीसीटीवी कैमरो की सहायता से अभियुक्त शिवम उर्फ टिल्लू का नाम प्रकाश में आया। आज दिनांक 02.06.2024 को स्वाट टीम व थाना बीबीनगर पुलिस द्वारा अभियुक्त शिवम उर्फ टिल्लू को बरकतपुर बम्बा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल दांव व घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहने हुए रक्त लगे कपडे बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना बीबीनगर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- शिवम उर्फ टिल्लू पुत्र लखपत निवासी ग्राम ढकौली थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर।

हत्या का कारण- गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मृतक रामपाल उसकी पत्नी के बारे में अक्सर उल्टी- सीधी बाते करता था। दिनांक 31.05.2024 की शाम को वह मृतक के साथ बाग में ही बैठा हुआ था। तभी मृतक द्वारा फिर उसकी पत्नी के बारे में कमेंट बाजी कर दी जिससे उनकी आपस मे कही सुनी हो गयी और उसने क्षुब्द होकर वही पर रखे दाव से रामपाल पर वार कर उसकी हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गया।

बरामदगी-

1- 01दांव (आलात्कल)

2- घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहने हुए कपडे

स्वाट टीम-

1. श्री मोहम्मद असलम, प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम
2. उ०नि० शिवम तोमर
3. है0का0 मनोज दीक्षित, है0का0 कपिल नैन, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मो0 आरिफ है0का0 अशोक चौधरी, का0 सचिन चौहान, का0 नरेंद्र कुमार, का0 रोहित कुमार

थाना बीबीनगर पुलिस टीम-

1. श्री जितेन्द्र कुमार दुबे प्रभारी निरीक्षक थाना बीबीनगर
2. व0उ0नि0 विनय कुमार, उ0नि0 अशोक कुमार, उ0नि0 विशाल कुमार
3. का0 अंकुर मलिक, का0 कपिल देव, का0 सुखदेव

मीडिया सेल बुलंदशहर